30 बार धोकर इस्तेमाल किया जा सकता है एन96 नैनो मास्क

99.9 फीसद की फिल्ट्रेशन क्षमता से है युक्त

नई दिल्ली, 26 मार्च (नवोदय टाइम्स) : अमृता विश्व विद्यापीठम में सेंटर फॉर नैनो साइंसेस एंड मॉलिक्यूलर मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को अत्याधुनिक नैनो तकनीक पर आधारित एक अद्वितीय तीन परतों वाला एन96 नैनो मास्क लॉन्च किया है। यह मास्क पारंपरिक एन95 से सस्ता है और सर्जिकल मास्क की तुलना में कहीं अधिक बेहतर फिल्ट्रेशन की सुविधा द्वारा सांस लेने को आसान बनाता है। अमृता एन96 नैनो मास्क की कीमत 200 रुपए से कम है और मल्टीपल यूज के लिए इसे 30 बार तक धोकर इस्तेमाल किया जा सकता है। देश में मास्क और पीपीई का परीक्षण करने के लिए भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय द्वारा समर्थित प्रमुख प्रयोगशाला, दक्षिण भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एसआईटीआरए) द्वारा भी इसका परीक्षण किया गया है। सेंटर फॉर नैनो साइंसेस एंड मॉलिक्यूलर मेडिसिन के डीन-रिसर्च डॉ. शांतिकुमार नायर ने कहा कि इसमें इलेट्रोस्पून बायो फ्रेन्डली पॉलिमर नैनो फाइबर्स के साथ अपनी तरह के नैनो-इंजीनियर्ड फिल्टर फैब्रिक का उपयोग किया गया है। जो एक तरफ बेहतर ढंग से सांस लेने के लिए कम वायु प्रतिरोध और दूसरी ओर उच्च फिल्ट्रेशन क्षमता सुनिश्चित करता है। वहीं प्रो. डॉ दीप्ति मेनन ने कहा कि अमृता एन96 पॉलीप्रोपाइलीन फाइबर से बने कपड़े के परतों के बीच बनी नैनो-फाइबर झिल्ली हाइड्रोफोबिक प्रकृति परत के एक तरफ से दूसरी तरफ सूक्ष्म बूंदों और पानी के एरोसोल के मार्ग को पूरी तरह से अवरुद्ध कर-देती है। इस तरह यह पहनने वाले को दूसरे व्यक्ति के द्वारा छोड़े गए सूक्ष्म बूंदों को सांस के जरिये अंदर लेने और उसे संक्रमित होने से बचाता है।

अमृता विश्वविद्यापीठम के वैज्ञानिकों ने किया है तैयार